प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 06.11.2024

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कानपुर देहात पुलिस को मिली सफलता।**
- **दिनांक 02.11.2024 को थाना रूरा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा सिठमरा में हुई घटना के सम्बन्ध में थाना रूरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 372/2024 धारा 103(1)/351(2)/351(3)/191(2)/191(3) बीएनएस में वांछित 01 नफर अभियुक्त व 02 नफर बालअपचारी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक,कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, वादी श्री अनिल सिंह पुत्र श्री राम सिंह निवासी सिठमरा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के पुत्र की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर दिनांक 03.11.2024 को थाना रूरा पर मु0अ0सं0 372/2024 धारा 103(1)/351(2)/351(3)/191(2)/191(3) बीएनएस बनाम अभियुक्तगण बनाम विकास पाल पुत्र इन्द्रपाल व उसके 4-5 साथी नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना रूरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर दिनांक 05.11.2024 को अभियुक्तगण 1.विकास पाल पुत्र इन्द्रपाल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सिठमरा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात व प्रकाश मे आये 02 नफर बालअपचारी अभियुक्तों को घनश्याम सिंह भट्टा के पहले चिलौली को जाने वाले रोड पर बनी डबल पुलिया के पास थाना रूरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त व बालअपचारी अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1.विकास पाल पुत्र इन्द्रपाल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सिठमरा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

2. 02 नफर बालअपचारी अभियुक्त।

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

1.थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा

2.व0उ0नि0 श्री लक्ष्मण सिंह

3.का0 413 पुष्पेन्द्र

4.का0 71 जितेन्द्र

5.का0 974 सुमित कुमार

6.का0 932 यतेन्द्र चाहर